**दिनांक 24.03.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में Construction work of various multi-storey Buildings (such as Administrative and IT Building, Auditorium and ADR Building, multi-level car parking, Type-'B', Type-'C' and Type-'D' residential building, High Side Service Building etc.) in the Hon'ble High Court, Patna campus, (Patna), Bihar (Engineering Procurement and Construction basis). कार्य हेतु द्वितीयवार आमंत्रित निविदा के तकनीकी बीड मूल्यांकन पर प्राप्त आपत्ति पर विचारार्थ विभागीय निविदा समिति के बैठक की कार्यवाहीः-**

उपस्थितिः-

1. **श्री कुमार रवि,** - अध्यक्ष
   सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
2. **श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर,** - सदस्य
   अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-
   सह-विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
3. **श्री ब्रजेश कुमार,** - सदस्य
   मुख्य अभियंता(पटना), भवन निर्माण विभाग, पटना।
4. **श्री विकास कुमार पाण्डेय,** - सदस्य
   आन्तरिक वित्तीय सलाहकार,
   भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

कार्यवाहीः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | - | **Construction work of various multi-storey Buildings (such as Administrative and IT Building, Auditorium and ADR Building, multi-level car parking, Type-'B', Type-'C' and Type-'D' residential building, High Side Service Building etc.) in the Hon'ble High Court, Patna campus, (Patna), Bihar. (Engineering Procurement and Construction basis).** |
| 2. | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | - | ₹302.56 करोड़ (विधि विभाग, बिहार, पटना का ज्ञापांक-3187 दिनांक 22.05.2025) |
| 3. | योजना की तकनीकी स्वीकृति की राशि | - | EPC आधारित |
| 4. | प्रदत्त प्रशासनिक स्वीकृति अंतर्गत निर्माण कार्य हेतु कर्णांकित राशि | - | ₹299,90,00,000.00 |
| 5. | निविदा आमंत्रण कि तिथि | - | 08.12.2025 |
| 6. | कार्य की अवधि | - | 18(अठारह)माह |
| 7. | निविदा प्राप्त (डाउनलोड) करने की प्रारंभ तिथि | - | 15.12.2025 |
| 8. | निविदा जमा (अपलोड) करने की अंतिम तिथि | - | 12.01.2026 |
| 9. | प्री-बीड बैठक की तिथि, समय एवं स्थान | - | दिनांक 23.12.2025 को मुख्य अभियंता (पटना) के कार्यालय कक्ष में एवं दिनांक 19.12.2025 को अधीक्षण अभियंता, संरचना अंचल, पटना के कार्यालय कक्ष में। |
| 10. | निविदा टेन्डर आई0डी0 | - | 119760 एवं www.eproc2.bihar.gov.in पर |
| 11. | प्रकाशन का पी0आर0 संख्या | - | 019115(BCD) 2025-26 |
| 12. | निविदा में भाग लेनेवाले निविदाकार का नाम एवं पता | - | **(I)** ADYARAJ-SKPL (JV), 202, VISHNU PALACE, EAST BORING CANAL ROAD, PATNA-800001 **(II)** V. SATHYAMOORTHY & CO., 41, PATEL STREET ERODE-638001, TAMIL NADU. **(III)** P&C PROJECTS PVT. LTD., P&C TOWERS 2ND FLOOR, 140, PERUNDURAI ROAD, ERODE-638011, TAMIL NADU. **(IV)** DIPANSHU PROMOTER & BUILDER PVT. LTD., 28, VATIKA APATTMENT, LINE TANK ROAD, RANCHI-83400 **(V)** VASCON ENGINEERS LTD., VASCON WEIKFIELD CHAMBERS, BEHIND NOVTAL HOTEL, OPPOSITE HYATT HOTEL, PUNE NAGAR ROAD, PUNE-411014, MAHARASHTRA. **(VI)** RAM KRIPAL SINGH CONSTRUCTION PRIVATE LIMITED, 702, PANCHVATI PLAZA, KUCHERY ROAD, RANCHI, JHARKHAND. **(VII)** NYATI ENGINEERS & CONSULTANTS PVT. LTD., NYATI UNITREE, SURVEY NO.-103/129, YERWADA, PUNE-411006, MAHARASHTRA. |

13. <u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाहीः-</u>

<u>विषयांकित कार्य के प्रथम निविदा की कार्यवाहीः-</u>

दिनांक 05.12.2025 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति द्वारा प्रथमवार आमंत्रित निविदा में कोई भी निविदाकार सफल नहीं पाये जाने के कारण आमंत्रित निविदा को रद्द करते हुए शीघ्रातिशीघ्र पुनर्निविदा किये जाने का निर्णय लिया गया।

<u>वर्तमान में आमंत्रित निविदा की कार्यवाहीः-</u>

विषयांकित कार्य की यह द्वितीय निविदा है। विषयांकित कार्य की द्वितीय निविदा में उपरोक्त सात निविदाकारों द्वारा भाग लिया गया है। सातों निविदाकार के तकनीकी बीड के अभिलेखों को अधीक्षण अभियंता, संरचना अंचल, पटना के पत्रांक 38 अनु0 दिनांक 17.01.2026 द्वारा मूल्यांकन हेतु भेजा गया है।

दिनांक-06.02.2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक में लिये गये निर्णय पर किसी प्रकार की आपत्ति/परिवाद हेतु दिनांक-13.02.2026 के पूर्वाह्न 10:00 बजे तक विभागीय वेबसाईट पर कार्यवाही को रखा गया।

14. <u>प्राप्त आपत्ति पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाहीः-</u>

14.1 निविदाकार ADYARAJ DEVELOPERS PVT. LTD., 202, VISHNU PALACE, EAST BORING CANAL ROAD, PATNA-800001 द्वारा प्राप्त आपत्ति की विवरणी एवं उस पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का बिन्दुवार मंतव्य निम्नवत हैः-

विषयांकित कार्य के आमंत्रित निविदा के तकनीकी बीड मूल्यांकन पर आपत्तिकर्ता निविदाकार ADYARAJ DEVELOPERS PVT. LTD., 202, VISHNU PALACE, EAST BORING CANAL ROAD, PATNA-800001 ने अपने पत्रांक ADSKPL/2025-26/BCD/NIT-4/Objection/02 दिनांक 12.02.2026 एवं ईमेल के माध्यम से दिनांक 12.02.2026 को अपराह्न 09:42 बजे (परिवाद हेतु निर्धारित अवधि के भीतर अर्थात दिनांक 13.02.2026 के पूर्वाह्न 10:00 बजे तक) तकनीकी बीड के मूल्यांकन पर लिखित आपत्ति दिया गया है। समर्पित परिवाद पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने विचार किया विचारोपरांत निम्नांकित निर्णय लिये गयेः-

| निविदाकार ADYARAJ DEVELOPERS PVT. LTD., 202, VISHNU PALACE, EAST BORING CANAL ROAD, PATNA-800001 द्वारा आपत्ति | प्राप्त आपत्ति पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्य |
|---|---|
| <u>आपत्ति बिन्दु-1</u><br>सादर समर्पित करना चाहेंगें कि हमें तकनीकी मूल्यांकन में नन रेस्पॉन्सिव घोषित करने का उपरोक्त कारण यथोचित नहीं है। इस संबंध में भवदीय को अवगत करना चाहेंगें विषयांकित निविदा में ADYARAJ-SKPL (JV) के द्वारा समर्पित निविदा में तकनीकी अहर्ता के लिए Lead Partner, M/S SHREEJIKRUPAR PROJECT LTD के "Construction of Super Specialty Block [ 402 Beds capacity] of Government Medical College at Indore (Madhya Pradesh) under Phase - IV of PMSSY of Ministry of Health and Family Welfare (MoHFW) Govt. of India for Bridge & Roof Co. (India) Ltd. कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र समर्पित किया गया है एवं Co-partner Adya Raj Developers Pvt. Ltd के "Construction of Surgical Block Building (S+G+5), 400 Bedded at Darbhanga Medical College and Hospital, Laheriasarai, Dist- Darbhanga, (Revise - 537 Bedded multi-specialty hospital कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र समर्पित किया गया है। ADYARAJ-SKPL (JV) के द्वारा Technical eligibility criteria के कंडिका 7 (c) (i) "Satisfactorily complete one work of not less than 80% (eighty | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के द्वारा प्राप्त आपत्ति के इस बिन्दु का विस्तृत समीक्षा किया गया। भवन निर्माण विभाग द्वारा निविदा अन्तर्गत निविदाकार द्वारा E-Tender module पर अपलोड किये गये अभिलेखों के अनुसार ही बीड मूल्यांकन किया जाता है एवं अपलोड किये गये अभिलेखों के अन्यत्र अभिलेख/प्रमाण-पत्र वैध नहीं माने जाते हैं। आमंत्रित निविदा में निविदाकार ADYARAJ-SKPL (JV) द्वारा E-Tender module में अपलोड किये गये Co-Partner M/S ADYARAJ DEVELOPERS PVT. LTD के लिए समान प्रकृति के कार्य अनुभव हेतु अपलोड कार्य Construction Bihar Sadan at Dwaraka, New Delhi में STP, WTP कार्य का वांछित अनुभव अंकित नही पाया गया। |

| | |
|---|---|
| percent) of estimated cost के आधार पर विषयांकित निविदा में भाग लिया गया है।<br>भवदीय का ध्यान आकृष्ट करना चाहेंगें कि विषयांकित निविदा में तकनीकी अहर्ता के लिए के Co-partner Adya Raj Developers Pvt. Ltd के Construction of Bihar Sadan at Dwarka, New Delhi कार्य का अनुभव सिर्फ निविदा में वांछित RCC structure of not less than 15m एवं Basement की अहर्ता को पूर्ण करने के उद्देश्य से समर्पित किया गया है। तथापि भवदीय अवगत हैं कि बिहार सदन, द्वारका, नई दिल्ली के निर्माण कार्य में STP, WTP, and other specialized services का कार्य हमारे द्वारा सम्पन्न किया गया है। यह कार्य भवन निर्माण विभाग के अन्तर्गत हीं है एवं निर्माण कार्य के दौरान कई बार भवदीय के द्वारा निर्माणाधीन कार्य का निरीक्षण भी किया गया है। उपरोक्त निष्पादित कार्य कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमण्डल-2, भवन निर्माण विभाग के द्वारा निर्गत कार्य पूर्णता प्रमाण-पत्र में उल्लेखित भी है। समय-समय पर आवश्यकतानुसार कार्य की राशि एवं मात्रा का पूर्णता प्रमाण-पत्र संबंधित कार्यपालक अभियंता के द्वारा निर्गत किया गया है। कार्य की राशि में बढ़ोतरी के कारण कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमण्डल संख्या-2, भवन निर्माण विभाग के द्वारा पत्रांक 1261 दिनांक 23.07.2025 को निर्गत कार्य पूर्णता प्रमाण-पत्र में संभवतः भूलवश STP, WTP अंकित नहीं किया गया है जबकि पूर्व में पत्रांक 152 दिनांक 29.01.2024 (दो पृष्ठ) के द्वारा निर्गत कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र में सभी कार्य अंकित हैं। (दिनांक 29.01.2024 को निर्गत कार्य पूर्णता प्रमाण-पत्र की छायाप्रति भवदीय के अवलोकन हेतु संलग्न है।) कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमण्डल सं0-2, भवन निर्माण विभाग के द्वारा निर्गत कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र दिनांक 29.01.2024 पूर्व में भी हमारे द्वारा भवन निर्माण विभाग के कई विभिन्न निविदाओं में भागीदारी के वक्त समर्पित किया जा चुका है एवं इसकी सत्यता की जाँच विभागीय स्तर से स्वयं हीं की जा सकती है।<br>भवदीय को सूचित करना चाहेंगें कि Construction of Surgical Block Building (S+G+5), 400 Bedded at Darbhanga Medical College and Hospital, Laheriasarai, Dist- Darbhanga, (Revise 537 Bedded multi-specialty hospital" कार्य के नवीनतम कार्य अनुभव प्रमाण पत्र दिनांक 30.09.2025 में Landscaping का कार्य भी अंकित है। (छायाप्रति संलग्न)<br>भवदीय को सादर अवगत करना चाहेंगें कि विषयांकित निविदा के Technical eligibility criteria के कंडिका 7.1 में हीं स्पष्ट रूप से अंकित है कि तकनीकी अहर्ता के पुष्टि के लिए further clarification की मांग की जा सकती है।<br>"The completion certificate shall be issued by employer not below the rank of Executive Engineer or Senior Project Manager. In case of private client the completion certificate issued by employer should be evaluated & certified by retired Executive Engineer/ Registered valuer of Nationalized Bank/ Insurance company/Income tax deptt. In case of Private Building completion certificate, it is essential that more than | Construction of Surgical Block Building (S+G+5), 400 Bedded at Darbhanga Medical Colege and Hospital, Laheriasarai, Dist.-Darbhanga (Revise-537 Bedded Multispecialty Hospital) कार्य में Landscape कार्य का वांछित अनुभव अंकित नहीं पाया गया।<br>परिवादी ने परिवाद पत्र में स्वयं स्वीकार किया है कि Construction of Bihar Sadan at Dwarka, New Delhi कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र में भूलवश STP, WTP का अनुभव अंकित नहीं किया गया है।<br>उक्त कारण से निविदाकार ADYARAJ-SKPL (JV) के Co-Partner M/S ADYARAJ DEVELOPERS PVT. LTD के द्वारा समर्पित कोई भी समान प्रकृति का अनुभव प्रमाण-पत्र वैध नहीं पाया गया। अतएव निविदाकार आमंत्रित निविदा के Technical Eligibility Criteria के कंडिका-7c(i) एवं पथ निर्माण विभाग, बिहार के पत्रांक 8131(एस) दिनांक 24.07.2012 द्वारा JV हेतु दिशा-निदेश के कंडिका-5 के अंतर्गत वांछित अर्हता पूर्ण नहीं करते है। अतः सर्वसम्मति से तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा प्राप्त आपत्ति के इस बिन्दु को खारिज किया जाता है। |

50% of area of said private building is occupied or in use for more than one month and the same should be certified by above mentioned officer. In this regard clarifications as per need may be asked. The bidders shall have to also submit good quality digital photographs of the completed projects."

पुनः समर्पित करना चाहेंगें कि विषयांकित निविदा में हमारे द्वारा ADYARAJ-SKPL (JV) के रूप में निविदा में भाग लिया गया है। JV के Lead Partner, M/S SHREEJIKRUPA PROJECT LTD. के द्वारा सारी तकनीकी वांछित अहर्ता पूर्ण की गई हैं। JV के द्वारा तकनीकी अहर्ता पूर्ण करने के संबंध में पथ निर्माण विभाग, बिहार के पत्रांक 8131 (एस) दिनांक 24.07.2012 के द्वारा निर्गत Joint Venture Guidelines के कंडिका 5.1, 5.2 एवं 5.4 में प्रावधान अंकित है।

JV Guidelines के उपरोक्त कंडिका 5.1, 5.2 एवं 5.4 के आलोक में समर्पित करना चाहेंगें कि विषयांकित निविदा में हमारे ADYARAJ-SKPL (JV) के Lead Partner M/S SHREEJIKRUPA PROJECT LTD. वांछित तकनीकी अहर्ता को शत प्रतिशत पूर्ण करते हैं एवं Co- Partner ADYARAJ DEVELOPERS PVT. LTD. वांछित 25 प्रतिशत से कहीं अधिक तकनीकी अहर्ता पूर्ण करते हैं। विवरण निम्नांकित है:-

(i) विषयांकित निविदा में हमारे द्वारा Technical eligibility criteria के कंडिका 7 (i) में अंकित Satisfactorily completed one work of not less than 80% के आधार पर भाग लिया गया है जिसकी विवरणी निम्नांकित है:-

| Lead Partner – M/S SHREEJIKRUPA PROJECT LIMITED | |
|---|---|
| निष्पादित कार्य का नाम जिसके कार्य अनुभव के आधार पर निविदा में भाग लिया गया | Construction of Super Specialty Block [ 402 Beds capacity] of Government Medical College at Indore (Madhya Pradesh) under Phase - IV of PMSSY of Ministry of Health and Family Welfare (MoHFW) Govt. of India for Bridge & Roof Co. (India) Ltd. |
| कार्य समाप्ति की वास्तविक तिथि | 20.03.2021 |
| संपादित कार्य की राशि | ₹ 144.52 करोड़ |
| अभियंता प्रमुख के पत्रांक 7291 (भ) दिनांक: 08.08.2019 के आलोक में escalated value (144.52 X 1.46) | ₹210.99 करोड़ |
| Co- Partner - M/S ADYARAJ DEVELOPERS PVT. LTD. (IN JV WITH MACRO RAJNAN WHERE SHARE OF ADYARAJ - 51%) | |
| निष्पादित कार्य का नाम जिसके कार्य अनुभव के आधार पर निविदा में भाग लिया गया | Construction of Surgical Block Building (S+G+5), 400 Bedded at Darbhanga Medical College and Hospital, Laheriasarai, DistDarbhanga, (Revise - 537 Bedded multi specialty hospital) |

| | |
|---|---|
| कार्य समाप्ति की वास्तविक तिथि | 15-04-2025 |
| संपादित कार्य की राशि | ₹230.27 करोड़ |
| ADYARAJ DEVELOPERS PVT. LTD. का share (51%) | ₹ 117.44 करोड़ |
| विषयांकित वर्तमान निविदा में तकनीकी अहर्ता से संबंधित विवरण | |
| ADYARAJ-SKPL (JV) के दोनों पार्टनर की भागीदारी | M/S SHREEJIKRUPA PROJECT LIMITED (LEAD PARTNER) -51% M/S ADYARAJ DEVELOPERS PVT. LTD. (Co-partner) - 49% |
| आमंत्रित निविदा की राशि | ₹ 299.90 करोड़ |
| वर्तमान निविदा में तकनीकी सफलता के लिए वांछित राशि (80 प्रतिशत) | ₹240.00 करोड़ |
| Lead Partner - M/S SHREEJIKRUPA PROJECT LIMITED का कार्य अनुभव | ₹ 210.99 करोड़ (आमंत्रित निविदा में तकनीकी सफलता के लिए वांछित राशि का 50% से अधिक) |
| Co- Partner M/S ADYARAJ DEVELOPERS PVT. LTD. का कार्य अनुभव | ₹ 117.44 करोड़ (आमंत्रित निविदा में तकनीकी सफलता के लिए वांछित राशि का 25% से अधिक) |
| ADYARAJ-SKPL (JV) का कार्य अनुभव | ₹ 328.43 करोड़ (वांछित तकनीकी अहर्ता ₹240 करोड़ - 80 प्रतिशत से 88.43 करोड़ अधिक) Scope of work executed by Lead Partner M/S SHREEJIKRUPA PROJECT LTD. in the work experience submitted:–<br>1. Main Hospital (Super specialty block): Multi-storied RCC Frame Structure (Basement + Ground + 8 Floors) including connecting Annex Hospital Building (G+6 Floors)<br>• Total Floor Area is 25171 Sqm(including 2072 Sqm of Basement)<br>• Height of Building: 42 m<br>2. Medical Gas Manifold Building(G), Floor Area 366 Sqm.<br>3. ESS Building(G), Floor Area 797 Sqm.<br>4. Cafeteria (G+1), Floor Area 314 Sqm.<br>5. Grand Total Built up Area of all above Buildings: 29627 Sqm<br>6. Under Ground Tank (Size: 27 M x 9 M x 4.5 M depth).<br>7. STP & ETP Plant (STP Capacity: 225KLD, ETP Capacity: 70KLD<br>**Activities involved:**<br>Site Survey, Soil investigation, Excavation, PCC, RCC, masonry, plaster, Flooring work (granite, kota stone, vitrified tiles,Ceramic Tiles, PVC flooring) Internal & External Electrification, HVAC water Chiller System (Capacity: 250 TR x 4 nos), HVAC VRV System (Capacity: 322 HP), Building Management System (BMS),Internal & External Plumbing,Water Supply and Sanitary Work, Solar Hot Water System, Solar Power System(210KW), Structural Glazing |

| | |
|---|---|
| | (1981Sqm), ACP Work(8903Sqm), Fire Fighting System with Sprinkler, Fire Alarm System, RCC Road, Interior Work like False Ceiling, Stage Lighting, etc., Acoustical Work of Auditorium(200 PAX), Development Work i/c Internal roads ,RCC Drains, Culverts, Parking Shed, etc., Horticulture and Landscaping Work, Sub-station Work (Capacity: 2000KVAX3 Nos), DG Work with Chimney (Height-30m) (Capacity: 1010KVAx5Nos), Lift Work (Nos. Of Lifts: 12, Capacity:26Pass-4, 20Pass-1, 13Pass-3, 6Pass-3, Goods lift-2500KG), Water Treatment Plant, ETP, Nurse Call System, Public Announcement System, Data and Networking, Audio Visual System, Central Telephone Exchange( EPABX), Access Control System and CCTV System etc.<br><br>**Value of major MEP Components**<br>HVAC Work= Rs. 1642.77Lakhs<br>VRV work= Rs. 249.56 Lakhs,<br>Electrical Work= Rs. 4270.69 Lakhs,<br>Sanitary & Plumbing Works=Rs. 568.16 Lakhs,<br>Fire Fighting works= Rs. 236.59 Lakhs.<br><br>**Scope of work executed by Co- Partner M/S ADYARAJ DEVELOPERS PVT. LTD. in the work experience submitted-**<br>This work includes RCC framed structure (Height 33.5 Meter)having Pile foundation, civil work& interior finishing work ike flooring (PVC, Tile, kota), wall tiles/ granite, aluminum doors window, PH worksanitary ware, C.Pand pipe, fitting & accessories, Drainage, Electrical work having (LT-HT), Sub Station, 2- DG (1500 KVA), wiring, DB board, Fire Fighting & alarm work, MGPS, Furniture, Nurse call management, 12 OT, HVAC (5 Nos Chiler), STP, ETP, WTP, RO water, UPS, False ceiling,LIFT 13 no's (20 passenger), Signages, CCTV,CCSD, Curtain track, Que management, Kitchen appliance, WPC Jali, Red sand stone wallCladding. ACP work SS railingwork. Road work. |

(ii) तकनीकी योग्यता हेतु Lead Partner M/S SHREEJIKRUPA PROJECT LIMITED को विषयांकित निविदा की प्राक्कलित राशि का न्यूनतम 50 प्रतिशत एवं Co-Partner M/S ADYARAJ DEVELOPERS PVT. LTD को न्यूनतम 25 प्रतिशत तकनीकी अहर्ता पूर्ण करने की बाध्यता है एवं संयुक्त रूप से ADYARAJ-SKPL (JV) को 100 प्रतिशत तकनीकी अहर्ता पूर्ण करने की शर्त है।

(iii) उपरोक्त तालिका से यह स्पष्ट परिलक्षित है कि Lead Partner M/S SHREEJIKRUPA PROJECT LIMITED का कार्य अनुभव ₹ 210.99 करोड़ जो कि विषयांकित निविदा की प्राक्कलित राशि में तकनीकी योग्यता न्यूनतम 50 प्रतिशत से अधिक है । इसी प्रकार Co-Partner M/S ADYARAJ

DEVELOPERS PVT. LTD का कार्य अनुभव ₹ 117.44 करोड़ जो कि विषयांकित निविदा की प्राक्कलित राशि में तकनीकी योग्यता न्यूनतम 25 प्रतिशत से अधिक है एवं संयुक्त रूप से ADYARAJ-SKPL (JV) का कार्य अनुभव ₹ 328.43 करोड़ है जो कि तकनीकी अहर्ता हेतु वांछित राशि ₹ 240.00 करोड़ से 88.43 करोड़ अधिक है एवं JV Guidelines के उपरोक्त कंडिका 5.1, 5.2 एवं 5.4 की शर्तों के अनुपालन में 100 प्रतिशत तकनीकी अहर्ता पूर्ण करती है। ADYARAJ SKPL (JV) के कार्य अनुभव ₹ 328.43 करोड़ में सम्मिलित कार्य अनुभव संयुक्त रूप से विषयांकित निविदा में तकनीकी अहर्ता हेतु वांछित सभी शर्तों को पूर्ण करता है।

अतः उपरोक्त समर्पित तथ्यों के आलोक में JV Guidelines के कंडिका 5.4 के अनुसार हमारी निविदा को तकनीकी बीड मूल्यांकन में ADYARAJ-SKPL (JV) के Lead Partner एवं Co-partner के तकनीकी योग्यता को संयुक्त रूप से मूल्यांकन किया जाना चाहिए, चुंकि JV Guidelines के कंडिका 5.4 के अनुसार दोनों पार्टनर का तकनीकी अहर्ता संयुक्त रूप से 100 प्रतिशत माना जाता है। अतः इस आधार पर हमारे द्वारा समर्पित निविदा को सफल घोषित किया जाना सर्वथा उचित एवं न्यायसंगत है।

भवदीय को सादर सूचित करना चाहेंगें कि पूर्व में भी Construction of Bihar Sadan. Dwarka New Delhi, के निर्माण कार्य में SAM INDIA ADYARAJ (JV) के द्वारा समर्पित निविदा में सभी Specialized services का अनुभव सिर्फ Lead Partner के पास था एवं JV Guidelines के कंडिका 5.4 के अनुसार उचित मूल्यांकन करते हुए SAM INDIA ADYARAJ (JV) को तकनीकी मूल्यांकन में सफल घोषित किया जा चुका है।

भवदीय को सादर सूचित करना चाहेंगें कि STP, WTP, और Landscape एक विशेष प्रकृति का कार्य है एवं ADYARAJ-SKPL (JV) के द्वारा विषयांकित निविदा में वांछित सभी तकनीकी अहर्ता को JV Guidelines के कंडिका 5 के पूर्णतः अनुपालन में संयुक्त रूप से पूर्ण किया गया है। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के द्वारा इस आवश्यक एवं गंभीर विषय पर निश्चित रूप से विचार किया जाना चाहिए कि विशेष प्रकृति का कार्य Joint Venture के किसी भी Partner के द्वारा निष्पादित किया जा सकता है एवं इस आधार पर हमारे द्वारा समर्पित निविदा को सफल घोषित किया जाना चाहिए। इस प्रकार तकनीकी योग्यता में सफल घोषित करने हेतु हमारा ADYARAJ-SKPL (JV) सभी तकनीकी अहर्ता को पूर्ण करते हैं तथा हमें तकनीकी बीड मूल्यांकन में सफल घोषित किया जाना उचित, वैध एवं न्यायसंगत है।

| आपत्ति बिन्दु-2 | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा प्राप्त आपत्ति के इस बिन्दु का विस्तृत समीक्षा किया गया। |
|---|---|
| सादर समर्पित करना चाहेंगें कि हमें तकनीकी मूल्यांकन में नन रेस्पॉन्सिव घोषित करने का उपरोक्त कारण सर्वथा अनुचित एवं आधारहीन है। इस संबंध में भवदीय को सूचित करना चाहेंगें कि भवन निर्माण विभाग, बिहार सरकार के द्वारा आमंत्रित निविदाओं में 10 करोड़ से अधिक राशि की निविदा के लिए Joint Venture का प्रावधान है एवं निविदादाताओं के द्वारा पथ निर्माण विभाग, बिहार सरकार के पत्रांक 8131 (एस) दिनांक 24.07.2012 के द्वारा निर्गत JV format में दिये गए दिशा निर्देश के आलोक में JV एकरारनामा तैयार कर निविदा में भाग लिया जाता है।<br>भवदीय को सूचित करना चाहेंगें कि विषयांकित निविदा में हमारे द्वारा JV एकरारनामा के उसी प्रारूप में निविदा समर्पित की गई जिसे भवन निर्माण विभाग में पूर्व में स्वीकृत किया गया है एवं सफल निविदाकार को कार्य भी आवंटित किया जा चुका है।<br>भवदीय को सूचित करना चाहेंगें कि निविदा संख्या SBD No.06/2022-23 दिनांक 25.02.2023 Construction of Remaining work of Vidhayak Awasan - MLA & MLC Parisar at Patna में भवदीय की अध्यक्षता में ही सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक दिनांक 12.07.2023 एवं 01.08.2023 में इस कार्य के सफल निविदाकार के द्वारा समान प्रारूप पर एवं अक्षरशः JV समर्पित किया गया था तथा इसे विभागीय निविदा समिति के द्वारा स्वीकार कर दिनांक 12.07.2023 की तकनीकी बीड मूल्यांकन में विभागीय निविदा समिति द्वारा रिस्पॉन्सिव भी घोषित किया गया था। विभागीय निविदा समिति के इस निर्णय के विरूद्ध इसी निविदा के अन्य निविदाकार RAM KRIPAL SINGH CONSTRUCTION PVT. LTD के द्वारा पत्रांक RKSPL/23-24/179 दिनांक 18.07.2023 के माध्यम से परिवाद समर्पित किया गया था। RAM KRIPAL SINGH CONSTRUCTION PVT. LTD के द्वारा समर्पित उक्त परिवाद के कंडिका 3 एवं 4 में SHANTI-BBPCL (IV) के द्वारा निविदा में अपलोडेड JV पर भी प्रश्न उठाया गया था। भवदीय को अवगत करना चाहेंगें कि उक्त परिवाद पर विद्वान महाधिवक्ता के मन्तव्य के पश्चात दिनांक 01.08.2023 को उक्त परिवाद के निष्पादन हेतु भवदीय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में RAM KRIPAL SINGH CONSTRUCTION PVT. LTD के द्वारा समर्पित परिवाद के सभी बिन्दुओं की विस्तृत जाच कर उनके परिवाद को अमान्य ठहराते हुए SHANTI-BBPCL (JV) के द्वारा समर्पित JV को स्वीकार किया गया एवं SHANTI-BBPCL (JV) को तकनीकी बीड मूल्यांकन में पूर्ववत रिस्पॉन्सिव ही रखा गया। पुनः विभागीय निविदा समिति के उक्त निर्णय दिनांक 01.08.2023 से असंतुष्ट होकर RAM KRIPAL SINGH CONSTRUCTION PVT. LTD के द्वारा माननीय पटना उच्च न्यायालय में विभागीय निविदा समिति के निर्णय दिनांक 01.08.2023 के खिलाफ रिट याचिका C.W.J.C 15919/2023 दायर की | (i) पथ निर्माण विभाग, बिहार के पत्रांक 8131(एस) दिनांक 24.07.2012 के JV Format के एनेक्चर-1 के कंडिका-h में उल्लेखित है कि-<br>"Provision that neither party of the JV shall be allowed to sign, pledge, sell or otherwise dispose all or parts of its respective interests in JV to any party including existing partner(s) of the the JV. The Employer derives right for any consequent action (including blacklisting) against any or all JV partners in case of any breach in this regard"<br>पथ निर्माण विभाग, बिहार के पत्रांक 8131(एस) दिनांक 24.07.2012 के द्वारा निर्गत JV के दिशा-निर्देश में JV के किसी भी पार्टनर को अपना भाग किसी अन्य पार्टी को **सौंपने, बेचने एवं गिरवी करने की निषिद्धता है। इस नियम के उल्लंघन पर** Employer को एक या सभी JV पार्टनरों पर **कार्रवाई (कालीकरण सहित) करने का अधिकार** दिया गया है।<br>इस प्रकार पथ निर्माण विभाग, बिहार के पत्रांक 8131(एस) दिनांक 24.07.2012 के द्वारा निर्गत **JV Format के एनेक्चर-1 के कंडिका-h में दिये गये विवरण Contract Document का Mandatory Criteria है, जिसे Relax नही किया जा सकता।**<br>जबकि निविदाकार ADYARAJ-SKPL (JV) के JV एकरारनामा की कंडिका-9.1 में वर्णित है कि-<br>"No party of the Joint Venture shall assign, pledge, sell or otherwise dispose of all or any part of its respective interests in the Joint Venture to a third party without the |

गई, जिसमें विभाग के द्वारा प्रति शपथ पत्र में इस निविदा में सफल निविदाकार के द्वारा समर्पित JV एकरारनामा को उचित एवं JV Guidelines के अनुपालन में माना गया है, तदोपरान्त माननीय पटना उच्च न्यायालय के द्वारा पारित न्यायादेश दिनांक 27.06.2024 के द्वारा उक्त रिट याचिका खारिज कर दी गई एवं विभागीय निविदा समिति के निर्णय को यथावत रखा गया। उपरोक्त तथ्य से यह निष्कर्ष निकलता है कि विद्वान महाधिवक्ता एवं माननीय पटना उच्च न्यायालय के द्वारा भी JV के प्रारूप को सही ठहराया गया।

पुनः भवन निर्माण विभाग द्वारा आमंत्रित निविदा "Construction of Agricultural Engineering College Ara on EPC basis vide tender no. 12/2023-24 में भी हमारे द्वारा ADYARAJ- SKPL (JV) के नाम से निविदा में भाग लिया गया था एवं समान प्रारूप में JV एकरारनामा समर्पित किया गया था जिसके तकनीकी बीड मूल्यांकन में विभागीय निविदा समिति के द्वारा दिनांक 26.07.2024 की कार्रवाही में हमारे JV को तकनीकी बीड मूल्यांकन में सफल घोषित किया गया था।

भवदीय को सादर सूचित करना चाहेंगें कि भवन निर्माण विभाग द्वारा मान्य एवं माननीय पटना उच्च न्यायालय द्वारा C.W.J.C 15919/2023 में पारित न्यायादेश के आलोक में SHANTI- BBPCL (JV) के द्वारा समर्पित JV एकरारनामा के समान प्रारूप में हमारे द्वारा 60 सेट ऑफिसर्स क्वार्टर के निर्माण कार्य हेतु प्रथम बार आमंत्रित निविदा में भाग लिया गया एवं इस निविदा में तकनीकी बीड मूल्यांकन में हमारे द्वारा समर्पित JV एकरारनामा पर निविदा समिति को कोई आपत्ति नहीं थी। पुनः इसी कार्य हेतु द्वितीय बार आमंत्रित निविदा में हमारे द्वारा पुनः भाग लिया गया जिसके तकनीकी मूल्यांकन में JV एकरारनामा के कंडिका 8.1 को JV guidelines के खिलाफ बताकर हमारी निविदा को असफल घोषित कर दिया गया। 60 सेट ऑफिसर्स क्वार्टर के निर्माण कार्य हेतु द्वितीय बार आमंतित्र निविदा में JV एकरारनामा के कंडिका 8.1 को मुख्य अभियंता (पटना) के परामर्श से सुधार कर इस विषयांकित निविदा में भाग लिया गया परन्तु इस निविदा में हमारे द्वारा समर्पित JV एकरारनामा के कंडिका 9.1 को आधार बनाकर पुनः असफल घोषित कर दिया गया।

भवदीय के अवलोकन हेतु SBD No. 06/2022-23 दिनांक 25.02.2023 Construction of Remaining work of Vidhayak Awasan - MLA & MLC Parisar at Patna के सफल निविदाकार SHANTIBBCPL (JV) के द्वारा निविदा में समर्पित JV एकरारनामा की कंडिका 8.2 में निम्नांकित प्रावधान है:-

"No party of the Joint Venture shall assign, pledge, sell or otherwise dispose of all or any part of its respective interests in the Joint Venture to a third party without the agreement of the other parties in writing"

वर्तमान विषयांकित निविदा में हमारे द्वारा समर्पित J एकरारनामा के कंडिका 9.1 में निम्नांकित प्रावधान है जो कि उपरोक्त के बिल्कुल अक्षरशः समान है:-

"No party of the Joint Venture shall assign, pledge, sell or otherwise agreement of the other parties in writing"

अर्थात् निविदाकार ADYARAJ-SKPL (JV) के JV एकरारनामा की कंडिका-9.1 में **अन्य पार्टनर की लिखित सहमति नहीं होने पर** किसी थर्ड-पार्टी को अपना भाग सौंपने, बेचने एवं गिरवी करने को निषिद्ध किया गया है। एकरारनामा के इस कंडिका से निविदाकार JV के द्वारा स्पष्ट तौर पर **दोनों पार्टनर की सहमति पर हिस्सेदारी का क्रय एवं हस्तानांतरण मार्ग प्रशस्त किया गया है।** यह पथ निर्माण विभाग के JV के बारे में निर्गत दिशा-निदेश पत्रांक 8131(एस) दिनांक 24.07.2012 के पूर्णतः प्रतिकूल है। निविदाकार JV के द्वारा समर्पित JV में Employer को **कार्रवाई करने के अधिकार को विलोपित कर दिया गया है।** चूंकि विभागीय JV के दिशा-निदेश अंतर्गत यह कंडिका Contract Document का Mandatory Criteria है, जिसे Relax नहीं किया जा सकता। **अतः आपत्तिकर्ता के इस आपत्ति को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के द्वारा सर्वसम्मति से खारिज किया जाता है।**

(ii) निविदाकार JV के द्वारा Construction of Remaining work of Vidhayak Awasan - MLA & MLC Parisar at Patna कार्य के निविदा निष्पादन के बारे में उल्लेख किया गया है जिसकी समीक्षा निविदा समिति द्वारा की गयी। इस संबंध में पाया गया कि दिनांक 12.07.2023 को विभागीय निविदा समिति द्वारा तकनीकी मूल्यांकन पर लिए गए निर्णय के आलोक में उक्त बीड के आपत्तिकर्ता संवेदक द्वारा निविदाकार SHANTI- BBPCL (JV) के द्वारा उनके JV के एकरारनामा में Bid Bond/EMD Money/Bank Guarantee toward bid Security, Existing commitment & on going

| | |
|---|---|
| dispose of all or any part of its respective interests in the Joint Venture to a third party without the agreement of the other parties in writing"<br>उपरोक्त परिस्थिति में विषयांकित निविदा में समान प्रारूप पर समर्पित JV को अमान्य किया जाना सर्वथा अनुचित है एवं नैसर्गिक न्याय के विरूद्ध है तथा इस आधार पर विषयांकित निविदा में हमारे द्वारा समर्पित निविदा को असफल घोषित किया जाना विभागीय निविदा समिति के द्वारा अपनाया गया एक अलग मापदंड है, जबकि पूर्व में समान प्रारूप में समर्पित JV एकरारनामा को सफल घोषित किया गया है।<br>भवदीय को सूचित करना चाहेंगें कि विभागीय निविदा समिति द्वारा JV एकरारनामा के मूल्यांकन हेतु विभिन्न निविदा में विभिन्न प्रक्रिया अपनायी जा रही है। पुनः विषयांकित निविदा में विभागीय निविदा समिति के कार्यवाही के अवलोकलन से यह प्रतीत हो रहा है कि इस निविदा के तकनीकी बीड मूल्यांकन में भी JV हेतु एक अलग हीं पैमाना अपनाया जा रहा है जो कि JV के प्रावधान की महत्ता को हीं निरर्थक साबित कर रहा है।<br>अतः भवदीय से विनम्र निवेदन है कि उपरोक्त समर्पित तथ्यों के आलोक में हमारे द्वारा समर्पित JV, जो कि निविदा में वांछित JV के शर्तों के पूर्णतः अनुपालन में है एवं सभी तकनीकी अहर्ता को पूर्ण करता है, का पुनर्मूल्यांकन करते हुए, हमारी निविदा को नैसर्गिक न्याय एवं जनहित में रिस्पॉन्सिव घोषित करने की कृपा करें ताकि योग्य, सक्षम एवं समर्थ निविदादाता को प्रतिस्पर्धा में उचित मौका प्राप्त हो सके।<br>हमारे द्वारा समर्पित आपत्ति प्रतिवेदन पर विचार करने एवं न्यायोचित निर्णय हेतु हम श्रीमान के आभारी रहेंगें । | work, Affidavit के संबंध में आपत्ति किया गया। उक्त आपत्ति पर विधिक राय प्राप्त कर उक्त आपत्ति को अस्वीकृत करते हुए दिनांक 01.08.2023 को निविदा समिति द्वारा वित्तिय बीड खोलने का निर्णय लिया गया।<br>तत्पश्चात आपत्तिकर्ता संवेदक के द्वारा विभागीय निविदा समिति के दिनांक 01.08.2023 के निर्णय के विरूद्ध माननीय उच्च न्यायालय, पटना में मुख्य रूप से SBD की कंडिका-16.6 एवं अन्य के संबंध में रिट याचिका C.W.J.C 15919/2023 दायर किया गया, जिसे माननीय उच्च न्यायालय, पटना के द्वारा पारित न्यायादेश दिनांक 27.06.2024 द्वारा खारिज किया गया। आपत्तिकर्ता संवेदक के द्वारा उक्त याचिका में JV के एकरारनामा की अन्य कंडिकाओं के बारे में आपत्ति दी गयी थी जो वर्तमान निविदा के लिए अप्रासंगिक प्रतीत होता है।<br>इस प्रकार आपत्तिकर्ता ADYARAJ-SKPL (JV) के द्वारा प्राप्त यह आपत्ति तर्कसंगत नहीं है एवं तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से आपत्ति के इस बिन्दु को खारिज किया जाता है। |

**14.2 <u>निविदाकार Dipanshu Promoter & Builder Pvt. Ltd., 28, Vatika Apattment, Line Tank Road, Ranchi-83400 द्वारा प्राप्त आपत्ति की विवरणी एवं उस पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का बिन्दुवार मंतव्य निम्नवत है:-</u>**

विषयांकित कार्य के आमंत्रित निविदा के तकनीकी बीड मूल्यांकन पर आपत्तिकर्ता निविदाकार Dipanshu Promoter & Builder Pvt. Ltd., 28, Vatika Apattment, Line Tank Road, Ranchi-83400 ने अपने पत्रांक शून्य दिनांक 12.02.2026 को ईमेल के माध्यम से दिनांक 12.02.2026 के अपराह्न 5:51 बजे (परिवाद हेतु निर्धारित अवधि के भीतर अर्थात दिनांक 13.02.2026 के पूर्वाह्न 10:00 बजे तक) तकनीकी बीड के मूल्यांकन पर

लिखित आपत्ति दिया। उनके द्वारा समर्पित परिवाद पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने विचार किया विचारोपरांत निम्नांकित निर्णय लिये गयेः-

| निविदाकार **Dipanshu Promoter & Builder Pvt. Ltd., 28, Vatika Apattment, Line Tank Road, Ranchi-834001** द्वारा आपत्ति | प्राप्त आपत्ति पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्य |
|---|---|
| **आपत्ति बिन्दु-1**<br>"With reference to afore said Tender, this is to bring in you kind notice that M/S Ram Kripal Singh Construction Pvt. Ltd., 702, 7th floor Panchwati Plaza, Kutchery Road, Ranchi-834001 has bid the tender for above said work. M/S Ram Kripal Singh Construction Pvt. Ltd. has been awarded and executing the work of – **"Design, Engineering & Procurement of Construction of Intergrated Court complex in different Districts of U.P., India on EPC mode – (i) Shamil (23 Courts) (ii) Auraiya (37 courts) (iii) Hathras (44 Courts)"** in Joint Venture by PMGSY, Circle, It is requested to kindly examine<br>1.Whether M/S Ram Kripal Singh Construction Pvt. ltd has taken in account the balance work value of this awarded work for calculation of Bid capacity during bidding of abvoe said Tender or not that is exeuting by them in Joint Venture. Copy of Letter of Award for work "Design, Engineering & Procurement of Construction of Intergrated Court complex in different Districts of U.P., India on EPC mode – (i) Shamil (23 Courts) (ii) Auraiya (37 courts) (iii) Hathras (44 Courts) Lead in Joint Venture, by PMGSY, Circle, PWD, Agra, Uttar Pradesh is enclosing herewith for your ready reference.<br>2.Whether M/S Ram Kripal Singh Construction Pvt. Ltd. has mentioned or not the awarded work " Design, Engineering & Procurement of Construction of Intergrated Court complex in different Districts of U.P., India on EPC mode – (i) Shamil (23 Courts) (ii) Auraiya (37 courts) (iii) Hathras (44 Courts)" in the FORM "C", PROJECTS UNDER EXECUTION OR AWARDED.<br>3.Whether M/S Ram Kripal Singh Construction has furnished or not the certificate **"Certified that the above list of works is completed and no work has been left out and that the information given is correct to knowledge and belief" for "Detail of Projects under Execution or awarded" as mentioned in tender document, Page No.-87.**<br>This is also bring to kind notce in your good self that Bidder SHAPOORJI PALLONJI AND COMPANY PRIVATE LIMITED, P.S. SRIJAN CORPORATE PAR, TOWER-1, 7TH FLOOR, PLOT NO.-G-2, BLOCK-GP, SECTOR-V, BIDHAN NAGAR, SALT LAKE, KOLKATA-700091, WEST BENGAL participated in the Tender for work **"CONSTRUCTION OF OFFICER'S ENCLAVE-752 UNITS UNDER GARDANIBAGH HOUSING DEVELOPMENT AT PATNA (BIHAR)"** invited by Building construction Department, Bihar During technical evalution of this Tender, it was found that SHAPOORJI PALLONJI AND COMPANY PRIVATE LIMITED did not mention the awarded work **"RAJGIR INTERNATIONAL CRICKET STADIUM-CUM-SPORTS ACADEMY"** by Building Construction Department, Bihar in the document of EXISTING COMMITMENT. As a result of which SHAPOORJI PALLONJI AND COMPANY PRIVATE LIMITED were declared non-responsive for that tender in the meeting of Departmental Tender Committee under Chairmanship of Principal | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा प्राप्त आपत्ति के इस बिन्दु का विस्तृत समीक्षा किया गया। प्राप्त आपत्ति के आलोक में मुख्य अभियंता, पटना के द्वारा दिनांक 17. 02.2026 को अपराह्न 3:42 बजे ई-मेल के माध्यम से Superintending Engineer, PMGSY, Circle, PWD, Agra के पत्रांक 175 दिनांक 25.08.2025 को संलग्न करते हुए "Design, Engineering & Procurement of Construction of Intergrated Court complex in different Districts of U.P., India on EPC mode – (i) Shamili (23 Courts) (ii) Auraiya (37 courts) (iii) Hathras (44 Courts)" कार्य के कायदिश के सत्यापन एवं कार्य के वर्तमान स्थिति से अवगत कराने का अनुरोध किया। उक्त ईमेल का उत्तर मुख्य अभियंता, पटना को दिनांक 19.02.2026 को प्राप्त हुआ, जिसकी द्वारा उक्त कायदिश को सत्यापित करते हुए सूचित किया गया कि उक्त कार्य M/S Ram Kripal Singh Construction Pvt. Ltd. (Lead Partner of JV with M/S Global Zone Sanitory) को 7.10% कम दर पर आवंटित किया गया है। विषयांकित आमंत्रित निविदा का निविदा आमंत्रण की तिथि 08.12. 2025 एवं निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 12.01.2026 है।<br>निविदाकार द्वारा आमंत्रित निविदा में अपलोड किये गये अभिलेख में यह Undertaking दिया है किः-<br>"We, M/S Ram Kripal Singh Construction Pvt. Ltd., hereby declare that the statement/document given by us is true and best of my knowledge and belief. I hereby declare that all my existing committment hiding fact will be sufficient cause for rejection"<br>अतः तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने सम्यक विचारोपरांत प्राप्त |

| | |
|---|---|
| Secretary, Building Construction Department, Bihar, Patna on dtd. 05.05.2019. (Copy of Proceeding of Meeting is enclosed herewith for your kind reference)<br>For your kind perusal Clause No.-4.8 of SBD is also being mention here as under:<br>**SBD Clause No.-4.8**<br>Even though the bidders meet the above qualifying criteria, they are subject to be disqualified if they have :<br>Made misleading or false representations in the forms, statements and attachments submitted in proof of the qualification requirements; and/or have record of poor performance such as abandoning the works, not properly completing the contract, inordinate delays in completion, litigation history, or financial failures etc; and/or<br>Participated in the previous bidding for the same work and had quoted unreasonably high bid prices and could not furnish rational justification to the employer. | आपत्ति को सही पाते हुए निविदाकार M/S Ram Kripal Singh Construction Pvt. Ltd. के द्वारा आमंत्रित निविदा के Project under Execution or Awarded में उक्त कार्य को समाहित नहीं करने के कारण SBD की कंडिका-4.8, जो SBD का Mandatory प्रावधान है, के तहत इन्हें आमंत्रित निविदा में **"नन-रिस्पॉन्सिव"** पाया। |

16. **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसाः-**

सम्यक् विचारोपरान्त तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से आपत्तिकर्ता ADYARAJ DEVELOPERS PVT. LTD., 202, VISHNU PALACE, EAST BORING CANAL ROAD, PATNA-800001 के द्वारा प्राप्त आपत्ति को खारिज करते हुए अपने पूर्व के निर्णय को यथावत रखते हुए इन्हें आमंत्रित निविदा में **"नन-रिस्पॉन्सिव"** किये जाने की अनुशंसा की गयी। निविदाकार DIPANSHU PROMOTER & BUILDER PVT. LTD., 28, VATIKA APATTMENT, LINE TANK ROAD, RANCHI-834001 से प्राप्त आपत्ति को जाँचोपरांत सही पाते हुए निविदाकार M/S Ram Kripal Singh Construction Pvt. Ltd. को आमंत्रित निविदा में SBD की कंडिका-4.8 के प्रावधान के तहत **"नन-रिस्पॉन्सिव"** किये जाने की अनुशंसा की गयी। तदनुसार वित्त विभाग, बिहार की अधिसूचना संख्या 7806 दिनांक 30.09.2016 में निहित प्रावधान के आलोक में द्वितीयवार आमंत्रित निविदा में एकमात्र सफल निविदाकार DIPANSHU PROMOTER & BUILDER PVT. LTD., 28, VATIKA APATTMENT, LINE TANK ROAD, RANCHI-834001 का वित्तीय बीड खोले जाने की अनुशंसा के साथ सहमति हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया।

17. **विभागीय निविदा समिति का निर्णयः-**

सम्यक् विचारोपरात विभागीय निविदा समिति द्वारा सर्वसम्मति से दिनांक 06.03.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी अनुशंसा को अनुमोदित किया जाता है एवं मुख्य अभियंता(पटना) को प्राधिकृत किया जाता है।

इस कार्यवाही को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड की जाय।

अंत में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 24/3/2026<br>(विकास कुमार पाण्डेय)<br>आंतरिक वित्तीय सलाहकार,<br>भ0नि0वि0, बिहार, पटना | 24/3/2026<br>(ब्रजेश कुमार)<br>मुख्य अभियंता(पटना)<br>भ0नि0वि0, बिहार, पटना | 24/3/26<br>(सुरेश प्रसाद प्रभाकर)<br>अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव,<br>भ0नि0वि0, पटना | 24/3/26<br>(कुमार रवि)<br>सचिव,<br>भवन निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना |

ज्ञापांक–भवन/मु0अभि0 (प0) यो0 विविध–8–04/2025 –888(I) पटना, दिनांक– 25/03/2026

प्रतिलिपि– आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

25/03/2026

(ब्रजेश कुमार)
मुख्य अभियंता (पटना)
भवन निर्माण विभाग, पटना